Publication: Jansandesh Times **Edition:** Lucknow **Date:** 22nd March, 2018

व्हाईट पेज इंटरनेशनल ने ब्राण्ड्स, बिजनेस लीडर्स और सर्वश्रेष्ठ एशियाई सीएफओ को किया सम्मानित

नई दिल्ली। व्हाईट पेज इंटरनेशनल ने बुधवार को सिंगापुर में आयोजित एशियन ब्राण्ड एण्ड लीडरशिप कॉन्क्लेव के छठे संस्करण के दौरान एशियाज 100 मोस्ट अडमायर्ड ब्राण्ड्स एण्ड लीडर्स की सालाना सूची जारी की। कार्यक्रम का आयोजन व्हाईट पेज इंटरनेशनल द्वारा यूके एशियन बिजनेस काउन्सिल के सहयोग से रिट्ज कार्लटन सिंगापुर में किया गया। जिसमें सिंगापुर, भारत, यूएई और अन्य एशियाई देशो से आए दिग्गजो ने हिस्सा लिया। सालाना सम्मेलन के दौरान विभिन्न कैटेगरीज में 100 एशियाई ब्राण्ड्स, 50 बिजनेस लीडर्स तथा 50 सर्वश्रेष्ठ एशियाई सीएफओ को उद्योग जगत मे उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने वाले दिग्गजों में शामिल थे, पैट्रिक टे- माननीय संसद सदस्य सिंगापुर और सिंगापुर इकोनोमिक डेवलपमेन्ट बोर्ड के सदस्य, पद्म भूषण विजेता डॉ रमाकान्त पांडा-वीसी एवं एमडी एशियन हार्ट इन्सटीट्यूट, डॉ इरफान रजाक- चेयरमैन प्रेस्टीज कंस्ट्रक्शन्स, डॉ टी चन्दू-चेयरमैन मॉडर्न मोंटेसरी सिंगापुर, साइमन चियोंग- संस्थापक एससी ग्लोबल डेवलपमेन्ट्स सिंगापुर, डॉ महेश गुप्ता- चेयरमैन केंट आरओ। श्री टे तथा श्री रोहित ओहरी- ग्रुप चेयरमैन एवं सीईओ एफसीबी, भारत, ताहा कोबर्न-चेयरमैन यूके एशियन बिजनेस काउन्सिल और किरण तन्ना- सह-संस्थापक एवं ग्लोबल एमडी- जेन रूम्स के द्वारा कॉफी टेबल पब्लिकेशन एवं लिस्टिंग का विमोचन किया गया। छठा संस्करण उन ब्राण्ड्स को रोशनी मे लेकर आया है जो अर्थव्यवस्था के विकास मे उत्कृष्ट योगदान दे रहे हैं। डॉ मैलकोम मैक डॉनल्ड, नॉन- एक्जक्टिव चेयरमैन, व्हाईट पेज इंटरनेशनल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा।

White Page International 100 Brands, 50 Business Leaders & 50 best Asian CFOs honoured